...(व्यवधान)... वह नहीं हुआ है, इसलिए मैंने कहा है कि इसे नहीं लूंगा ...(व्यवधान)... प्रश्न यह नहीं है कि इसमें रिजर्वेशन के खिलाफ कौन है और कौन नहीं है....(व्यवधान)... कल भी रख सकते हैं ...(व्यवधान)... क्या दिक्कत है ...(व्यवधान)... आप कल रख दीजिए ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल): अभी दो दिन हैं, यह तो नहीं है कि सत्र अभी खत्म हो रहा है ...(व्यवधान)... सभापति जी, हमारा कल का विषय महत्वपूर्ण है ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: कल तय कर दिया है ...(व्यवधान)... आज क्यों कर रहे हैं ...(व्यवधान)...

Re. REPORTED VIOLATION OF CODE OF CONDUCT—Contd.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: सभापति जी, कल लालू प्रसाद जी के बारे में सदन में जो बात उठाई गई थी, उस पर वक्तव्य दिया गया था कि सदन में मंत्री जी बताएंगे कि क्या कार्यवाही हुई। उसके बाद इलेक्शन कमीशन के कहने पर एफ.आई.आर. फाइल हुई ...(व्यवधान)... सरेआम कैमरे पर रुपए बांटते हुए पकड़े गए ...(व्यवधान)... इसके बारे में सरकार क्या चाहती है ...(व्यवधान)... यह सरकार उसका विरोध कर रही है ...(व्यवधान)... एक मंत्री के खिलाफ एफ.आई.आर. होती है ...(व्यवधान)... सभापति जी ...(व्यवधान)... ये कृपा करके बताएं ...(व्यवधान)...

श्री सभापति: बैठिए ...(व्यवधान)... बैठिए तो सही ...(व्यवधान)...

संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद): सभापति जी, विपक्ष के नेता ने जो मुद्दा यहां उठाया था, उसके बारे में मैंने लालू प्रसाद जी से कल खुद बात की और आज भी बात की। यह शो कॉज नोटिस, जो उनको इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया की तरफ से गया है, उन्होंने मुझे फोन पर उसे पढ़कर सुनाया।

श्री एस.एस. अहलुवालिया: वह तो पार्टी को गया है ...(व्यवधान)...

†**श्री गुलाब नबी आज़ाद:** जब आपको सब कुछ मालूम है तो यह जवाब भी आप ही दीजिए ...(व्यवधान)... बोलने तो दीजिए, दिक्कत क्या है? सभापति जी, अगर सवाल भी वहीं से होगा और जवाब भी वहीं से होगा तो हमारे कहने का कोई मतलब नहीं है ...(व्यवधान)... महोदय, एक चीज मैं बताना चाहूंगा कि मुझ से ज्यादा जानकारी तो अहलुवालिया जी खुद ही रखते हैं, दोनों side की ...(व्यवधान)...

---

†Transliteration of Urdu Script.

شری غلام نبی آزاد : جب آپ کو سب کچھ معلوم ہے تو یہ جواب بھی آپ ہی دیجئے.....مداخلت.....بولنے تو دیجئے، وقت کیا ہے؟ سبھاپتی جی، اگر سوال بھی وہیں سے ہوگا اور جواب بھی وہیں سے ہوگا تو ہمارے کہنے کا کوئی مطلب نہیں ہے.....مداخلت..... مہودے، ایک چیز میں بتانا چاہوں گا کہ مجھ سے زیادہ جانکاری تو اہلووالیہ جی خود ہی رکھتے ہیں، دونوں sides کی.....مداخلت.. ...

श्री प्रेम गुप्ता (बिहार) : ये अंतर्यामी हैं।

श्री गुलाम नबी आज़ाद: यह show-cause notice उनको केन्द्रीय मंत्री के रूप में या एम. पी. के रूप में नहीं गया है। Election Commission of India की तरफ से यह नोट्रिस उनको R.J.D के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में गया है, यह उन्होंने मुझे पढ़कर सुनाया ...(व्यवधान)...

شری غلام نبی آزاد : یہ show-cause notice ان کو کیندری منتری کے روپ میں یا ایم. پی. کے روپ میں نہیں گیا ہے۔ Election Commission of India کی طرف سے یہ نوٹس ان کو RJD کے راشٹریہ ادھیکش کے روپ میں گیا ہے، یہ انہوں نے مجھے پڑھ کر سنایا.....مداخلت.....

श्री रुद्रनारायण पणि (उड़ीसा) : एक ही बात है।

†श्री गुलाम नबी आजाद: एक बात नहीं है, पार्टी का अलग ...(व्यवधान)...

شری غلام نبی آزاد : ایک ہی بات نہیں ہے، پارٹی کا الگ .....مداخلت.....

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल) : सर, आप इनको कंट्रोल करेंगे या नहीं? बहुत हो गया, बहुत हो गया ...(व्यवधान)... How many times he is gong to rise like this, Sir?

श्री सभापति: मैं सबको कंट्रोल कर रहा हूं ...(व्यवधान)... बैठ जाइए ...(व्यवधान)...

†श्री गुलाम नबी आजाद: इलेक्शन कमीशन ने उनको 24 तारीख को 3 बजे तक का समय दिया है। जब इलेक्शन कमीशन ने ही उनको 24 तारीख की डेट दी है, जब तक वे वहां कोई जवाब नहीं देते, तो हमें कैसे जवाब देंगे? वे 24 तारीख को वहां जवाब देंगे, वही जवाब हम सदन के सामने रखेंगे। ...(व्यवधान)...

†Transliteration of Urdu Script.

شری غلام نبی آزاد : الیکشن کمیشن نے ان کو ۲۴ تاریخ کو ۳ بجے تک کا وقت دیا ہے۔ جب الیکشن کمیشن نے ہی ان کو ۲۴ تاریخ لی ڈیٹ دی ہے، جب تک وہ وہاں کوئی جواب نہیں دیتے، تو ہمیں کیسے جواب دیں گے؟ وہ ۲۴ تاریخ کو وہاں جواب دیں گے، وہی جواب ہم سدن کے سامنے رکھیں گے .....مداخلت.....

SHRI PREM CHAND GUPTA: Are you allowing a debate on this, Sir? ...(*Interruptions*)... Mr. Chairman, Sir, are you allowing a debate on this ...(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज (उत्तरांचल) : सभापति जी, आप कल पीठासीन नहीं थे, उपसभापति जी पीठासीन थे, जब यह मसला नेता विपक्ष ने उठाया था। उन्होंने पहले वाक्य में यह कहा कि मैं चुनाव आयोग की बात नहीं कर रहा हूं।

श्री सभापति: उन्होंने नहीं कही, लेकिन इन्होंने कह दी ना।

श्रीमती सुषमा स्वराज: नेता विपक्ष ने यह कहा था कि मैं मंत्रियों की आचार-संहिता की बात कर रहा हूं, मैं सांसद की आचार-संहिता की बात कर रहा हूं। उन्होंने चुनाव आयोग का सवाल ही नहीं उठाया। उन्होंने Ethics की बात कही। आप उन्हें सुन लीजिए, एक बार आप नेता विपक्ष को सुन लीजिए और उसके बाद आप निर्णय करिए, क्योंकि जो जवाब आया है, हमने वह सवाल ही नहीं उठाया था, हमने चुनाव आयोग के बारे में नहीं कहा था। आप एक बार उन्हें सुन लीजिए। आप दो मिनट उन्हें सुन लीजिए, बस, इतना मेरा निवेदन है। ...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री जसवन्त सिंह) : सभापति महोदय, कल सुबह मैंने सरकार से गुज़ारिश की थी और सरकार की ओर से हमारे हरदिल अजीज़ गुलाम नबी साहब ने फरमाया था। मैंने जो अर्ज़ किया था, मैंने किसी का नाम नहीं लिया, मैंने यह कहा था कि ऐसा सुनने में आया है, और हमारे कई मित्रों ने इसके बारे में बताया। मैं चूंकि टेलीविजन कम देखता हूं, इसलिए मैंने कहा कि ऐसा सुनने में आया है कि कुछ मंत्रीगण पैसे बांट रहे थे, इसलिए हमको सही जानकारी मिल जाए तो अच्छा रहेगा। इसमें आचार-संहिता के दो सवाल उठते हैं - एक आचार संहिता तो चुनाव से जुड़ी है, वह चुनाव आयोग जाने और दूसरी आचार-संहिता ...(**व्यवधान**)...

श्री मूल चन्द मीणा (राजस्थान) : साड़ी बांटने में क्या हुआ था?

श्री सभापति: ठहर जाइए, एक मिनट ठहर जाइए ...(**व्यवधान**)...

---

†Transliteration of Urdu Script.

श्री एस.एस. अहलुवालिया: यह क्या है? जब विपक्ष के नेता खड़े हैं तो ये लोग किस तरह से खडे हैं? जब विपक्ष के नेता खड़े हैं, तब भी खड़े हो जाते हैं उधर से ...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: बैठ जाइए, आप लोग बैठ जाइए।

श्री जसवन्त सिंह: सदर साहब, मुझे एक चीज समझ में नहीं आ रही है कि माननीय मंत्री जी क्यों इतने उत्तेजित हो रहे हैं। मैंने एक सीधा सवाल पूछा था ...(**व्यवधान**)...

श्री एस.एस. अहलुवालिया: यह क्या है, सर ...(**व्यवधान**)...

SHRI VAYALAR RAVI (Kerala): Sir, I am on a point of order. (*Interruptions*)... Sir, I am on a point of order. (*Interruptions*)...

श्री सभापति: चुप हो जाइए, आप सब बैठ जाइए ...(**व्यवधान**)... प्लीज, बैठिए।

श्री जसवन्त सिंह: फिर हमने कहा था कि एक तो आचार संहिता, सासदों की आचार संहिता हम सब पर लागू होती है, जब सांसद बनने की हमने यहां सौगंध ली, उससे जुड़ी हुई दूसरी आचार संहिता मंत्रियों की है। इसलिए सांसदों की आचार संहिता है। हमने कहा, तुम्हारे साथ कोई शिकायत हुई क्या, आपने मुझे महाराजा क्यो बताया? अब मैं और क्या बताऊँ? जो है वही बता सकेंगे। हमने कहा, महाराजा कश्मीय उस एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष हैं या तो वे इसको देखें, तो फिर स्वयं माननीय गुलाम नबी साहब ने फरमाया कि मैं इस बात की तफ्तीश करके आपको बताऊंगा। हमने यह नहीं पूछा कि कौन से दल के किस अध्यक्ष को नोटिस गया, नहीं गया और यह कि चुनाव आयोग ने क्या कहा, वह पार्टी जाने, पार्टी के अध्यक्ष जानें, चुनाव आयोग जाने। यहां हमने जो प्रश्न उठाया था, वह आचार संहिता से जुड़ा हुआ, सांसदों से जुड़ा हुआ है। इसमें मंत्री भी आते हैं, इसलिए हमारा विचार था कि शायद माननीय गुलाम नबी साहब कुछ बात बताएंगे। वे तो किसी और गली में चले गए, वे दूसरी गली में हैं। वे आचार सहिता को तो ...(**व्यवधान**)... अच्छा है।

†**श्री गुलाब नबी आजाद:** सर, माननीय विपक्ष के नेता ने जो फरमाया, मेरे ख्याल में शायद मुझसे कुछ कहने में गलती हो गई है। आपने जो कल मुद्दा उठाया था वायालेशन ऑफ कोड ऑफ कंडक्ट के बारे में ...(**व्यवधान**)...

†شری غلام نبی آزاد : سر، مانیے وپکش کے نیتا نے جوفرمایا، میرے خیال میں شاید مجھ سے کچھ کہنے میں غلطی ہوگئی ہے۔ آپ نے جوکل مدعا اٹھایا تھا وایولیشن آف کوڈ آف کنڈکٹ کے بارے میں .....مداخلت.....

श्री एस.एस. अहलुवालिया: आचार संहिता ...(**व्यवधान**)...

†**श्री गुलाम नबी आजाद:** वही-वही। आचार संहिता और कोड ऑफ कंडक्ट एक ही बात है।

†Transliteration of Urdu Script.

شری غلام نبی آزاد : وہی وہی، آچار سنہیتا اور کوڈ آف کنڈکٹ ایک ہی بات ہے۔

†श्री एस.एस. अहलुवालिया: एक ही है, पर मंत्री के लिए भी है ...(व्यवधान)...

†श्री गुलाम नबी आजाद: और उसी को नज़र में रखते हुए, क्योंकि जब आपने सुबह यह बात कही, उसके बाद इलेक्शन कमीशन एक्शन में आया और इलेक्शन कमीशन ने सुओ मोटो, उसी चीज को, जिस बारे में आपने चर्चा की थी, उसी मुद्दे पर इलेक्शन कमीशन ने नोटिस लिया है, और उनको कहा है कि आपने वायोलेशन ऑफ कोड ऑफ कंडक्ट किया है, तो आपके खिलाफ, आपकी पार्टी के खिलाफ एक्शन क्यों नहीं लिया जाए और इसके लिए आप 24 तारीख को तीन बजे तक अपना जवाब दीजिए। मेरे कहने का मतलब है कि आपने जिस आचार संहिता की बात की, उसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए इलेक्शन कमीशन ने नोटिस दिया है और उन्होंने उन्हें 24 तारीख की डेट दी है। जब इलेक्शन कमीशन, जो इसको डिस्पोज करने की फाइनल ऑथोरिटी है, ने जिसको नोटिस दिया है, जब उन्होंने उनको 24 तारीख तक की डेट दी है, उससे पहले हम हाउस को क्या बता सकते हैं? उसके बाद ही बता सकते हैं। ...(व्यवधान)...

شری غلام نبی آزاد : اور اسی کو نظر میں رکھتے ہوئے، کیونکہ جب آپ نے صبح یہ بات کہی، اس کے بعد الیکشن کمیشن ایکشن میں آیا اور الیکشن کمیشن نے سوٗ او موٹو، اسی چیز کو، جس بارے میں آپ نے چرچہ کی تھی، اسی مدعے پر الیکشن کمیشن نے نوٹس لیا ہے، اور ان کو کہا ہے کہ آپ نے وایولیشن آف کوڈ آف کنڈکٹ کیا ہے، تو آپ کے خلاف، آپ کی پارٹی کے خلاف ایکشن کیوں نہیں لیا جائے اور اس کے لئے آپ ۲۴ تاریخ کو تین بجے تک اپنا جواب دیجئے۔ میرے کہنے کا مطلب ہے کہ آپ نے جس آچار سنہتا کی بات کی، اسی آچار سنہیتا کے النگھن کے لئے الیکشن کمیشن نے نوٹس دیا ہے اور انہوں نے انہیں ۲۴ تاریخ کی ڈیٹ دی ہے۔ جب الیکشن کمیشن، جو اس کو ڈسپوز کرنے کی فائنل اتھارٹی ہے، نے جس کو نوٹس دیا ہے، جب انہوں نے ان کو ۲۴ تاریخ تک کی ڈیٹ دی ہے، اس سے پہلے ہاؤس کو کیا بتا سکتے ہیں؟ اس کے بعد ہی بتا سکتے ہیں۔ ... مداخلت.....

श्री जसवन्त सिंह: यह बिल्कुल सही बात है। मैं माननीय मंत्री जी से इस विषय पर बहस नहीं करना चाहता। यह जो आपने कहा है कि अगर किसी को कोई नोटिस देता है, इसका जवाब ही 24 तारीख को मिलेगा तो उससे पहले मैं कैसे बताऊं। यह ठीक है। हमने यह कहा था कि सांसदों या मंत्रियों की आचार संहिता, अब उसमें एक और चीज़ जुड़ गई, वह यह है कि आचार संहिता का

†Transliteration of Urdu Script.

तो जवाब मिला नहीं, आपने 24 तक टाल दिया और उसके बाद हमको बताया गया कि एफआईआर दर्ज हो गया। तो जब मंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गयी, एक मंत्री के खिलाफ एफआईआर का दर्ज होना और आप कहें कि मुझे तो कोई फिक्र नहीं है, यह एक इतनी अनहोनी घटना है,अगर सरकार को इस पर चिन्ता है ...(व्यवधान)... इसलिए अगर जवाब दे दें तो अच्छा है। इसलिए मैं पूछ रहा हूं, हमने सोचा था कि शायद मंत्री जी आचार संहिता और उसके साथ जुड़ा हुआ एफआईआर, इसका कुछ जवाब देंगे। लगता है कि वह अभी तक दूसरी गली में है, वहां से आ नहीं रहे। इसलिए एफ०आई०आर के मसले पर, सांसद की, मंत्री की आचार संहिता पर, अगर आपको कुछ फरमाना है, तो अच्छा होगा। उस पर अगर आप को कुछ फरमाना है तो अच्छा होगा।

†**श्री गुलाम नबी आजाद:** सर, एफ.आई.आर० का कोई फैसला तो नहीं हुआ है, एफ.आई. आर. खाली लगा है। ...(व्यवधान)... वह एफ.आई.आर. किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा है। उस का क्या फैसला होता है, एफ.आई.आर. के बाद अगर कोई फैसला मंत्री के खिलाफ होता है तब सरकार को कोई फैसला करना होगा। अभी तो उनके खिलाफ एफ.आई.आर० दर्ज हुई है।

†شری غلام نبی آزاد : سر، ایف آئی آر کا کوئی فیصلہ تو نہیں ہوا ہے، ایف آئی آر خالی لگا ہے۔ .....مداخلت..... وہ ایف آئی آر کسی نتیجے پر نہیں پہنچا ہے۔ اس کا کیا فیصلہ ہوتا ہے، ایف آئی آر کے بعد اگر کوئی فیصلہ منتری کے خلاف ہوتا ہے تب سرکار کو کوئی فیصلہ کرنا ہوگا۔ ابھی تو ان کے خلاف ایف آئی آر درج ہوئی ہے۔

श्री सभापति: श्री अर्जुन सिंह। ...(व्यवधान)... आप बैठ जाइए। वह मामला अब खत्म हो गया। श्री पी.जी. नारायणन। ...(व्यवधान)...

श्रीमती सुषमा स्वराज: वह जो बात बार-बार कह रहे हैं, उस पर जवाब तो मंगवाइए। सर, दो अलग-अलग मुद्दे हैं। ...(व्यवधान)... सर वह कह रहे हैं कि एफ.आई.आर. दर्ज हो गयी तो क्या हो गया। ...(व्यवधान)...

श्री जसवन्त सिंह: सभापति जी, हम विरोध में ''वाक आउट'' करते हैं।

[At this stage, some hon. Members left the Chamber]

SHRI RAVULA CHANDRA SEKAR REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Chairman, Sir, the notice issued by the Election Commission is for derecognising a political party. He is a Minister. He has violated the rules of the country. It is unethical on the part of the Minister to continue in the Ministry. In protest we stage a walkout.

(At this stage some hon. Members left the Chamber)

---

†Transliteration of Urdu Script.